भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1837
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तीर्थराज पुष्कर कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव

1837. श्री भागीरथ चौधरी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में प्रसाद योजना के अंतर्गत चयनित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत आठ वर्षों के दौरान पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है और अब तक कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार का आगामी बजट वर्ष 2023-24 में प्रसाद योजना अथवा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत काशी विश्वनाथ और उज्जैन महाकाल मंदिर के अनुरूप तीर्थराज पुष्कर कॉरिडोर के निर्माण और इसका चहुँमुखी तथा समग्र विकास करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो इसके कब तक पूर्ण होने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप परियोजनाओं को अनुमोदित किया जाता है। राजस्थान राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर परियोजना अर्थात पुष्कर/अजमेर का समेकित विकास को अक्टूबर 2015 में अनुमोदित किया गया है। परियोजना की सितंबर 2019 में संशोधित लागत 32.64 करोड़ रु. है। परियोजना का निष्पादन राजस्थान सरकार द्वारा किया जा रहा है और यह शीघ्र पूर्ण होने वाली है।

*****